कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, सोनभद्र

पत्रांक सं0- मु0चि0अ0/एन0यू0एच0एम0/ शहरी आशा/ 2024-25/ 4238 दिनांक- 29-10-2024

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नगरीय आशा के चयन हेतु विज्ञप्ति

प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा अनुभाग-10 लखनऊ के पत्र सं0-2505/5-10-15-9 (120)/ 13 दिनांक 1 जनवरी 2016 एवं मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0-एस0पी0एम0यू0/ एन0यू0 एच0एम0/ सी0पी0/ 2022-23/16/4486-75, दिनांक 23 सितम्बर 2022 के क्रम में जनपद के रेनूकुट + पीपरी नगर पंचायत, ओबरा नगर पंचायत व राबर्ट्सगंज नगर पालिका के अन्तर्गत शेष "शहरी आशाओं" के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। नगर पंचायत-पीपरी+रेनूकुट ओबरा राबर्ट्सगंज नगर पालिका से शहरी आशा के चयन हेतु वार्ड संख्या का विवरण निम्नवत है-

क्रम सं0	नगर पंचायत/ नगर पालिका	मोहल्ले का नाम	वार्ड नं0	रिक्त पदों की संख्या	क्रम संख्या	नगर पंचायत/ नगर पालिका	मोहल्ले का नाम	वार्ड नं0	रिक्त पदों की संख्या
1	राबर्ट्सगंज	दलित बस्ती महाल+ हर्ष नगर	1+13	1	9	रेनुकूट	हरिदास नगर	3	1
2	राबर्ट्सगंज	मण्डी महाल	22	1	10	रेनुकूट	गार्डगे नगर	5	1
3	ओबरा	सरदार पटेल नगर	5	1	11	रेनुकूट	रानी लक्ष्मी बाई+ विश्वकर्मा नगर	6	1
4	ओबरा	विवेकानन्द	7	1	13	रेनुकूट	सरदार पटेल नगर	7	1
5	ओबरा	शिवाजी नगर	8	1	14	रेनुकूट	शहीद भगत सिंह नगर	8	1
6	ओबरा	सुभाष नगर	11	1	15	पीपरी	पंचायत कालोनी	6	1
7	ओबरा	लक्ष्मीबाई नगर	12	1	16	पीपरी	लंका कालोनी	9	1
8	ओबरा	चन्द्रशेखर आजाद	16	1					
कुल संख्या				8	कुल संख्या				8

आशा के चयन हेतु अनिवार्य अर्हताएं-

1. आवेदित को सम्बधित क्षेत्र की स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। विवाहित / विधवा / तलाकशुदा / पति से अलग हो गयी महिला को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. आवेदित का उम्र 20 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. आवेदित हाईस्कूल उत्तीर्ण हो।

आशाओं के चयन हेतू निर्धारित अंक-

- हाईस्कूल में प्राप्त प्रतिशत अंको के आधार पर प्रत्येक 10 प्रतिशत अंक पर 1 अंक (अधिकतम 9 अंक)
- इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण होने पर 1 अंक एवं उच्च शिक्षित होने पर 1 अंक (अधिकतम 2 अंक)
- स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों में भाग लिया हो, न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव हो। एक वर्ष के अनुभव पर 1 अंक, दो वर्ष के
- अनुभव पर 02 अंक एवं तीन वर्ष या अधिक के अनुभव पर अधिकतम 03 अंक प्रदान किये जाये । (अधिकतम 03 अंक)
- आशा चयन में जे0एन0 एन0यू0आर0एम0 यूनिसेफ (एस0एम0 नेट) एवं भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य संस्थाओं के समुदायस्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों को अनुभव के आधार पर वरीयता अंक प्रदान किये जाये। एक वर्ष के अनुभव पर 01 अंक, दो वर्ष के अनुभव पर 02 अंक एवं तीन वर्ष या अधिक के अनुभव पर अधिकतम 03 अंक प्रदान किये जाये। (अधिकतम 03 अंक)
- साक्षात्कार हेतु 03 अंक निर्धारित किया जाय। (अधिकतम 03 अंक)
- उपरोक्त अंकों के आधार पर चयन समिति प्रत्येक क्षेत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ चयनित अभ्यार्थी की सूची जिला स्वास्थ्य समिति पर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेगी।
- शहरी आशाओं का कोई मासिक मानदेय निर्धारित नहीं है, राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों द्वारा उनके प्रशिक्षण के पश्चात किये गये कार्यों के सत्यापन के आधार पर ही उनको प्रोत्साहनराशि दी जायेगी।
- आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर स्पष्ट अक्षरों में संलग्न शैक्षिक योग्यता, निवास, अनुभव, जाति प्रमाण व अन्य प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ मुख्यचिकित्साधिकारी, सोनभद्र के कार्यालय में दिनांक 10 नवम्बर 2024 को सायं 5 बजे तक स्वीकार किया जायेगा।
- अर्ह अभ्यार्थियों की मेरिट बनाकर साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। साक्षात्कार हेतु- अर्ह अभ्यार्थियो की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं एन0आई0सी0 वेबसाईड पर अपलोड करायी जायेगी तथा मोबाईल पर फोन किया जायेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी
सोनभद्र।